**HS/XII/A/h/26**

# 2026

# HINDI (ELECTIVE)

**( FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT—NEW COURSE )**

*Full Marks* : 80

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT—OLD COURSE )**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part–A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

(iv) Question Nos. **1** to **10** are to be answered by both New Course/Scheme and Old Course/Scheme Candidates.

(v) Question No. **11** is to be answered only by Old Course/Scheme Candidates without Internal Assessment.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 20 )

**1.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए : 1×5=5

कभी दिखता है सत्य
और कभी ओझल हो जाता है
और हम कहते रह जाते हैं कि रुको यह हम हैं
जैसे धर्मराज के बार-बार दुहाई देने पर
कि ठहरिए स्वामी विदुर
यह मैं हूँ आपका सेवक कुंतीनंदन युधिष्ठिर
वे नहीं ठिठकते।

(क) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं?

*(i)* सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

*(ii)* विष्णु खरे

*(iii)* जयशंकर प्रसाद

*(iv)* तुलसीदास

(ख) ''और कभी ओझल हो जाता है''
उक्त पंक्ति में किसके ओझल हो जाने की बात कही गयी है?

*(i)* झूठ

*(ii)* सत्य

*(iii)* विदुर

*(iv)* युधिष्ठिर

(ग) प्रस्तुत पंक्तियों में किस भाषा का प्रयोग हुआ है?

*(i)* अवधी

*(ii)* मागधी

*(iii)* ब्रज

*(iv)* खड़ी बोली

(घ) उक्त काव्यांश में कवि ने सत्य को उजागर करने के लिए किसके पौराणिक संदर्भों का सहारा लिया है?

*(i)* रामायण

*(ii)* महाभारत

*(iii)* गीता

*(iv)* पुराण

(ङ) उक्त काव्यांश में धर्मराज किसे कहा गया है?

*(i)* विदुर को

*(ii)* कुंती को

*(iii)* युधिष्ठिर को

*(iv)* कवि को

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : $1 \times 5 = 5$

वहाँ के प्रधान अध्यापक का एकमात्र पुत्र, जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, बड़े लाड़ से नुमाइश में मिस्टर हादी के कोल्हू की तरह दिखाया जा रहा था। उसका मुँह पीला था, आँखें सफेद थीं, दृष्टि भूमि से उठती नहीं थी। प्रश्न पूछे जा रहे थे। उनका वह उत्तर दे रहा था। धर्म के दस लक्षण वह सुना गया, नौ रसों के उदाहरण दे गया। पानी के चार डिग्री के नीचे शीतता में फैल जाने के कारण और उससे मछलियों की प्राण-रक्षा को समझा गया, चंद्रग्रहण का वैज्ञानिक समाधान दे गया, अभाव को पदार्थ मानने न मानने का शास्त्रार्थ कह गया और इंग्लैंड के राजा आठवें हेनरी की स्त्रियों के नाम और पेशवाओं का कुर्सीनामा सुना गया। यह पूछा गया कि तू क्या करेगा? बालक ने सीखा-सिखाया उत्तर

दिया कि मैं यावज्जन्म लोक सेवा करूँगा। सभा 'वाह-वाह' करती सुन रही थी, पिता का हृदय उल्लास से भर रहा था।

(क) प्रधान अध्यापक के पुत्र की आयु कितने वर्ष की थी?

*(i)* सात

*(ii)* आठ

*(iii)* नौ

*(iv)* दस

(ख) 'मिस्टर हादी के कोल्हू' किसे कहा गया है?

*(i)* बैल को

*(ii)* मिस्टर हादी को

*(iii)* प्रधान अध्यापक के पुत्र को

*(iv)* लेखक को

(ग) प्रस्तुत गद्यांश किस विधा में लिखा गया है?

*(i)* कहानी

*(ii)* नाटक

*(iii)* निबंध

*(iv)* आत्मकथा

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं?

*(i)* पं० चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

*(ii)* रामचंद्र शुक्ल

*(iii)* भीष्म साहनी

*(iv)* ब्रजमोहन व्यास

(ङ) 'यावज्जन्म' शब्द का अर्थ क्या है?

*(i)* दिखावा

*(ii)* खुशी

*(iii)* झंझट

*(iv)* जीवनभर

**3.** निम्नलिखित के सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) सुभागी कौन थी?

*(i)* सूरदास की पत्नी

*(ii)* जगधर की पत्नी

*(iii)* भैरों की पत्नी

*(iv)* नायकराम की पत्नी

(ख) "ऐसा ही कोई माल मेरे हाथ भी पड़ जाता तो जिन्दगानी सुफल हो जाती।" यह किसकी उक्ति है?

*(i)* सूरदास

*(ii)* भैरों

*(iii)* जगधर

*(iv)* मिठुआ

(ग) 'लिओनार्दो द विंची' की चर्चा किस पाठ में हुई है?

*(i)* नमक

*(ii)* आरोहण

*(iii)* सूरदास की झोपड़ी

*(iv)* बिस्कोहर की माटी

(घ) ''छुप गया कोई रे दूर से पुकार के''—इस गीत का उल्लेख किस पाठ में हुआ है?

*(i)* आरोहण

*(ii)* सूरदास की झोपड़ी

*(iii)* बाजार दर्शन

*(iv)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ङ) 'आरोहण' नामक कहानी के लेखक कौन हैं?

*(i)* प्रेमचंद

*(ii)* प्रभाष जोशी

*(iii)* संजीव

*(iv)* विष्णु खरे

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) काव्यशास्त्र में कितने रस हैं?

*(i)* सात

*(ii)* आठ

*(iii)* नौ

*(iv)* बीस

(ख) ''उसका मुख चाँद के समान है।'' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

*(i)* यमक

*(ii)* उपमा

*(iii)* श्लेष

*(iv)* उत्प्रेक्षा

(ग) वीर रस का स्थायी भाव क्या है?

*(i)* भय

*(ii)* उत्साह

*(iii)* हास

*(iv)* रति

(घ) काव्यशास्त्र के अनुसार शब्द-शक्तियाँ कितनी हैं?

*(i)* एक

*(ii)* दो

*(iii)* तीन

*(iv)* चार

(ङ) आचार्य आनंदवर्धन और आचार्य अभिनव गुप्त ने किस रस को मान्यता दी है?

*(i)* हास्य रस

*(ii)* करुण रस

*(iii)* रौद्र रस

*(iv)* शांत रस

(च) अलंकार को कितने वर्गों में बाँटा गया है?

*(i)* एक

*(ii)* दो

*(iii)* तीन

*(iv)* चार

(छ) किस शब्द-शक्ति में मुख्य भाव छिपा रहता है?

*(i)* अभिधा

*(ii)* लक्षणा

*(iii)* व्यंजना

*(iv)* उपर्युक्त सभी

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 60 )

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) शब्द-शक्ति किसे कहते हैं?

(ख) उपमा अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ग) यमक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) हास्य रस की परिभाषा दीजिए।

(ङ) अभिधा शब्द-शक्ति की परिभाषा दीजिए।

(च) श्लेष अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(छ) निम्नलिखित रसों का स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* श्रृंगार रस

*(ii)* वात्सल्य रस

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3=15

(क) 'गीत गाने दो मुझे' कविता दुख और निराशा से लड़ने की शक्ति देती है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) सत्य और संकल्प के अंतर्संबंध पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) राम वन-गमन के पश्चात् भरत की मनोदशा को स्पष्ट कीजिए।

(घ) अगहन महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है?

**7.** निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) चोट खाकर राह चलते
होश के भी होश छूटे,
हाथ जो पाथेय थे, ठग–
ठाकुरों ने रात लूटे,
कंठ रुकता जा रहा है,
आ रहा है काल देखो!

(ख) यह समिधा—ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।
यह अद्वितीय—यह मेरा—यह मैं स्वयं विसर्जित—
यह दीप, अकेला, स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3=15

(क) 'दुर्लभ बंधु' की पेटियों की कथा लिखिए।

(ख) भद्रमथ शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई? स्पष्ट कीजिए।

(ग) पाठ के आधार पर हर की पौड़ी पर होने वाली गंगा जी की आरती का भावपूर्ण वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(घ) लेखक का हिन्दी साहित्य के प्रति झुकाव किस तरह बढ़ता गया?

**9.** निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था। अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था। हमलोग उन्हें एक पुरानी चीज़ समझा करते थे। इस पुरातत्त्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्‌भुत मिश्रण रहता था।

**अथवा**

उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह 'लड्डू' की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, मरे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×2=10

(क) 'सूरदास की झोपड़ी' नामक पाठ का उद्देश्य लिखिए।

(ख) 'पत्थर की जाति' से लेखक का क्या आशय है? उसके विभिन्न प्रकारों के बारे में लिखिए।

(ग) जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या-भाव जगा और क्यों?

(घ) 'पहाड़ों की चढ़ाई में भूप दादा का कोई जवाब नहीं!' उनके चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT—OLD COURSE )**

( *Marks* : 20 )

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×10=20

(क) 'ठग-ठाकुरों' से कवि का संकेत किसकी ओर है?

(ख) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं?

(ग) 'यह दीप अकेला' कविता में दीप किसका प्रतीक है?

(घ) 'युधिष्ठिर जैसा संकल्प' से क्या अभिप्राय है?

(ङ) ''पिय सौं कहेहु सँदेसड़ा, ऐ भँवरा ऐ काग।'' इस पंक्ति का अर्थ एक अथवा दो वाक्यों में लिखिए।

(च) संस्मरण साहित्य क्या है?

(छ) वैदिक काल में हिन्दुओं में कैसी लॉटरी चलती थी?

(ज) 'ढेले चुन लो' निबंध में किस पर प्रहार किया गया है?

(झ) लेखक कौशाम्बी लौटते हुए अपने साथ क्या-क्या लाया?

(ञ) गिरजे के अन्दर कौन भागता हुआ आया और उसने क्या देखा?

(ट) लेखक जब गुसलखाने से निकला तो बाहर कौन तौलिया लिए खड़ा था?

(ठ) स्पेशल आरती कितने रुपये में होती थी?

(ड) भैरों ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई?

(ढ) 'बिस्कोहर की माटी' किस विधा में लिखी गई है और इसके लेखक कौन हैं?

★★★